एक नजर में

## महू में निकली साईं की पालकी यात्रा



**महू.** सिमरोल रोड स्थित प्राचीन साईं मंदिर से शनिवार को भव्य पालकी यात्रा निकाली गई. एक भव्य और मनमोहक पालकी यात्रा में जय साईं राम के जयकारों और भक्तिमय गीतों से पूरा शहर भक्तिमय हो गया. इस शोभायात्रा में साईं समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने बाबा के प्रति अपनी अटूट आस्था का प्रदर्शन किया. यात्रा की अगुवाई मंदिर कमेटी ने मंदिर से शुरुआत की. जो लूनिया पूरा के रास्ते से गुजर कर शहर भर के बाजार में भ्रमण के लिए निकली। पालकी गोकुलगंज चौराहा, मार्केट चौराहा, फूल चौक चौराहा, मैन स्ट्रीट, कोतवाली चौक समेत विभिन्न मार्गो में गुजरकर साईं मंदिर पर ही पहुंची .सबसे आकर्षक दृश्य वह था जब बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु ढोल की थाप पर नाचते-गाते और झूमते हुए चल रहे थे. इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चे महिलाएं व पुरुष पालकी यात्रा के साक्षी बने. शहर भर में गुजरी पालकी यात्रा का जगह-जगह स्वागत व आरती उतारी गई. अब रविवार को श्री साई का भव्य भंडारा आयोजित होगा.

## लता मंगेशकर की जयंती पर संगीत निशा



**महू.** चोपड़ा वाटिका में मोहम्मद रफी फैंस क्लब महू के 21 कलाकारों के द्वारा लता मंगेशकर जी के जन्मदिन के अवसर पर एक से एक बढ़कर नगमो की प्रस्तुति दी गई. दीप प्रज्वलन वरिष्ठ समाजसेवी रामकिशोर शुक्ला एवं राधे श्याम यादव, निर्मला यादव, वरिष्ठ पत्रकार अशोक दीक्षित, नंदकुमार जवखेडकर ने किया .गीतों में सर्वप्रथम सुरेश क्षीरसागर, संगीता भालरॉय ने मुझे नौलखा मंगवा दे, मुकेश जाधम सुधा कोंगे दिल की गिरा खोल दो, डॉ उषा किरण त्रिपाठी रुक जा रात, पारुल राजे आजा रे परदेसी, डॉ संध्या दवे आजकल पांव जमीन पर, दीपक चौहान दिल हुम् हुम् करे, अनुराग तिवारी प्यार करते हैं हम, कमल वैद ओ हंसिनी, युसूफ भाई यहां कोई नहीं है तेरा, डॉ राजलक्ष्मी मोहंती लग जा गले, विजय परदेसी हमसफर मेरे हमसफर, रानी राजे बेताब दिल की तमन्ना, राजेश आर्य, राजू भालरॉय, शिवकुमार, सुधा मीणा अन्य कलाकारों ने प्रस्तुति दी. संचालन के.के. भालेवाडीकर एवं पायल परदेसी ने किया. आभार हेमंत कौशल ने माना.

## जनता कांग्रेस में नगर अध्यक्ष चुनाव 12 को

महू. जनता कांग्रेस पार्टी के महू नगर अध्यक्ष पद हेतु पार्टी के सौ अधिक सदस्यों के द्वारा वोटिंग के जरिए नया नगर अध्यक्ष चुना जाने के लिए आगामी दिनांक 12 अक्टूबर को चुनाव होंगे, जिसमें भावना संगेलिया और अमित गोगलिया के खेमे से शुभम डागर और सुनील वर्मा के मध्य सीधा मुकाबला है. सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित वर्मा की ओर से भी अपना कैंडिडेट अंतिम समय खड़ा किया जा सकता है.



# एमटीएच चौराहे पर लगा लंबा जाम

▸ आपस में फंसे वाहन चालकों को करनी पड़ी भारी मशक्कत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर के प्रमुख मार्ग एमटीएच चौराहे पर शनिवार दोपहर को लंबा जाम लग गया, जिससे आसपास से गुजर रहे वाहन आपस में फंसकर गुत्थमगुत्था हो गए. जाम के कारण राजबाड़ा, शास्त्री ब्रिज, कोठारी मार्केट और रानीपुरा की ओर जाने वाले रास्तों पर आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी.

स्थानीय लोगों ने बताया कि जाम के दौरान करीब 500 मीटर दूरी पर पूर्वी यातायात थाना मौजूद है, बावजूद इसके मौके पर कोई पुलिस जवान नहीं पहुंचता. इसके चलते आसपास के लोगों को ट्रैफिक सुचारू करने के लिए खुद ही प्रयास करना पड़ा. नतीजतन लगभग एक घंटे बाद वाहन चालकों को राहत मिली. क्षेत्रीय व्यापारियों का कहना है कि थाना इतना करीब होने के बावजूद कोई जवान नियमित रूप से यहां नहीं आता, जिससे व्यापारियों में नाराजगी फैल रही है. त्यौहारों के दौरान इस मार्ग पर रोजाना भारी ट्रैफिक रहता है, लेकिन यातायात अधिकारी समस्या पर ध्यान नहीं देते. इसका असर केवल व्यापारियों पर ही नहीं, बल्कि आम लोगों पर भी पड़ता है, जिन्हें समय पर अपने गंतव्य तक पहुँचने में मुश्किल होती है.

### सड़क किनारे रखते हैं सामान

वहीं यातायात सूत्रों का कहना है कि इस मार्ग पर व्यापारी अक्सर सड़क के दोनों किनारों पर सामान रखकर व्यापार करते हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है. जब भी विभाग कार्रवाई करता है, तो व्यापारी उसका विरोध करते हैं. यही कारण है कि इलाके में बार-बार जाम जैसी स्थिति बन जाती है.

# गिरफ्तार आरोपी ने खोला देसी हथियारों का राज

▸ लेथ मशीन से निकल रहे पिस्टल के पुर्जे

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** जिस लेथ मशीन पर कभी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पुर्जे और अन्य मशीनों के कलपुर्जे बनते थे, वहीं से अब उसी से मौत के औज़ार तैयार हो रहे थे. खंडवा पुलिस की गिरफ्त में आए एक इनामी सिकलीगर की पूछताछ में खुलासा हुआ कि देसी पिस्टल अब हाथ से नहीं, बल्कि वर्कशॉप में थोक में गढ़ी जा रही हैं. पिछले दिनों क्राईम ब्रांच ने एक कार से चार बोरे पुर्जे पकड़े थे, इसके तार इंदौर, देवास से लेकर सूरत तक जुड़ते नज़र आए.

जांच में सामने आया है कि थोक में बने इन पुर्जों से तैयार पिस्टल न सिर्फ असली जैसी दिखती हैं, बल्कि फिनिशिंग इतनी बेहतर है कि बाज़ार में इनकी मांग भी तेज़ी से बढ़ रही है. पुलिस का कहना है कि छोटे-छोटे वर्कशॉप्स में हथियार बनाने का यह नया तरीका सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है. ज्ञात हो कि पिछले दिनों खंडवा पुलिस ने एक कार से चार बोरे पिस्टल के पुर्जे बरामद किए थे. पूछताछ में खुलासा हुआ था कि इन्हें खातेगांव की लेथ मशीन पर बनाया गया था. वहीं इंदौर क्राइम ब्रांच पहले भी 42 मैग्जीन जब्त कर चुकी है. क्राईम ब्रांच के सूत्रों का कहना है कि इस नेटवर्क के तार सूरत तक जुड़े .मामले में अब पुलिस सख्ती के साथ कार्रवाई कर रही है. जिसके तहत पूराने सिकलीगरों से जहां पूछताछ की जा रही हैं, वहीं कुछ पर पैनी नजर भी रखी जा रही है.

# बच्चों से भरी स्कूल बस में भीषण आग, बाल-बाल बचे मासूम

## ग्रामीणों ने ट्यूबवेल के पानी से आग पर पाया काबू



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सांवेर क्षेत्र के पंचडेरिया गांव के पास शनिवार दोपहर को बड़ा हादसा होते-होते टल गया. बच्चों से भरी एक स्कूल बस अचानक आग का गोला बन गई. गनीमत रही कि चालक की सूझबूझ और लोगों की मदद से सभी बच्चों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया.**

एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि बस नम्बर एमपी 09 एफए 3292 पंचडेरिया से धरमपुरी जा रही थी. रास्ते में अचानक बस में धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया. आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई और उठता काला धुआं दूर तक फैल गया. चालक ने तत्काल बस को पास स्थित निर्माणाधीन ट्रेजर कॉलोनी के मैदान में रोक दिया. वहां मौजूद लोगों ने ट्यूबवेल की पाइपलाइन से पानी डालकर आग पर काबू पाया. सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग बुझा दी गई थी.

# ड्रग्स के विवाद में किया युवक का अपहरण

▸ युवक को पेड़ से बांधकर पीटा, पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** एक करोड़ रुपए के ड्रग्स और 48 लाख रुपए के कलेक्शन के बाद खतरनाक ड्रग्स माफिया के आरोपितों ने एक ड्रग्स पैडलर का अपहरण कर उसकी जमकर पिटाई कर दी. अपहरण और मारपीट के पीछे ड्रग्स के कारोबार को लेकर विवाद सामने आया है, मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के अहिरखेड़ी में हुई इस घटना की रिपोर्ट पीड़ित 34 वर्षीय कुणाल पिता गोपाल चौहान ने दर्ज करवाई. कुणाल ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार को भंडारा में खाना खाने जा रहा था, तभी आरोपितों ने उसे रास्ते में पकड़ लिया. आरोपितों ने उसे दोपहिया वाहन से श्मशान के समीप ले जाकर पेड़ से बांध दिया और उसकी पिटाई कर दी, साथ ही दो हजार रुपये छीने और इसके बाद 1,800 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर भी करवा लिए. सूत्रों का कहना है कि यह अपहरण ड्रग्स के धंधे को लेकर हुआ. सीमा नाथ की गिरफ्तारी के बाद उसके भाई अर्जुन, चेतन और लक्की नाथ क्षेत्र में ड्रग्स की सप्लाई कर रहे हैं. आरोपितों ने पीड़ित को धमकी दी कि यदि वह क्षेत्र में ड्रग्स बेचता है, तो केवल उनसे ही खरीदनी होगी. चेतन नाथ पर पहले ही किराना कारोबारी की हत्या का मामला दर्ज है. मामले में पुलिस ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है. घटना द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के अहिरखेड़ी में हुई और पुलिस उनके आपराधिक इतिहास और क्षेत्रीय नेटवर्क की पड़ताल कर रही है.

## आम लोगों की शिकायत पर पुलिस ने लिया तुरंत ऐक्शन

इंदौर. शहर की सड़कों पर अव्यवस्था की शिकायत करते ही ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन से तुरंत कार्रवाई होने लगी है. ट्रैफिक हेल्पलाइन पर आई 23 शिकायतों में से 12 का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष पर कार्रवाई जारी है. व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर रोजाना अलग-अलग तरह की परेशानियां लोग दर्ज करा रहे हैं. अवैध पार्किंग, जाम, खराब सिग्नल, तेज रफ्तार गाड़ियां और कर्कश हॉर्न जैसी दिक्कतों को लेकर सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही हैं. गुरुवार को भी कई जगह पार्किंग और सिग्नल की गड़बड़ी से लोग परेशान हुए. इनमें से दर्जनभर मामलों में पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और चालानी कार्रवाई की. हेल्पलाइन शुरू होने के बाद से अब तक 266 शिकायतें मिली हैं. इनमें से 234 का निपटारा तुरंत किया, जबकि 32 मामलों में नगर निगम या अन्य विभागों से समन्वय जरूरी है. इनमें संकरी गलियों से यातायात बाधित होना, दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण और लेफ्ट टर्न की कमी जैसी समस्याएं शामिल हैं.


Government of India
Ministry of Road Transport and Highways




संबंधित व्यक्ति विवरण परिवहन वेबसाइट https://parivahan.gov.in/ पर देख सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया ईमेल करें - आईडी:helpdesk-vahan[at]gov[dot]in and helpdesk-sarathi[at]gov[dot]in

CBC 37101/13/0011/2526